an>

Title: Regarding need to convert National Highway No. 6 into four-lane between Khargapur and Sambhalpur and construct a flyover/by-pass in Keonjhar city in Odisha.

श्रीमती शकुंतला लागुरी (क्योंझर) : राÂट्रीय राजमार्ग-6 कोलकाता से मुम्बई वाया खड़गपुर-जामसेला-क्योंझर-संभलपुर होकर जाता है। यह राÂट्रीय राजमार्ग मेरे संसदीय क्षेत्र क्योंझर (उड़ीसा) शहर के बीच में होकर निकलता है। इस मार्ग पर बड़े वाहन रात-दिन चलते हैं और आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं तथा दिन के समय यातायात जाम हो जाता है, जिससे लम्बे रूट के वाहनों एवं स्थानीय लोगों को अत्यंत परेशानी होती है। इस राÂट्रीय राजमार्ग के बीच खड़गपुर से सम्भलपुर तक चार लेन का राÂट्रीय राजमार्ग क्योंझर, शहर में एक उपरिपुल या बाई-पास की व्यवस्था हो जाए तो इन सब परेशानियों से निज़ात पाई जा सकती है।

अतः मेरा केंद्र सरकार से आग्रह है कि राÂट्रीय राजमार्ग-6 में स्थित खड़गपुर से सम्भलपुर के बीच चार लेन राÂट्रीय राजमार्ग का निर्माण, क्योंझर शहर में एक उपरिपुल या क्योंझर शहर में बढ़ते यातायात को समुचित रूप से चलाने हेतु बाई-पास का निर्माण करवाया जाए।